प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

दूरसंचार विभाग ने 5जी इनोवेशन हैकथॉन 2025 की घोषणा की है। इसका उद्देश्य सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अभिनव 5जी–संचालित तकनीक के विकास में तेजी लाना है। यह पहल छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों को 100 से अधिक 5जी यूज़ केस लैब्स के फंडिंग और पहुँच में मदद प्रदान करेगा। हैकथॉन के तहत प्रतिभागियों को अपने नवाचारों को आगे बढाने में मदद प्रदान की जाएगी। मंत्रालय ने बताया है कि विजेताओं को पुरस्कार भी दिये जाएंगे। पहले स्थान के लिए 5 लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए 3 लाख रुपये और तीसरे स्थान के लिए डेढ लाख रुपये शामिल हैं। इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ आइडिया और सबसे नवीन प्रोटोटाइप को 50 हजार रुपये की राशि मिलेगी।

0000

प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन के लिए ई–मित्र के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया गया है। डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि ई–मित्र एप्लीकेशन को अब डिस्कॉम्स के न्यू कनेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम–एनसीएमएस मॉडयूल से इंटीग्रेटेड कर दिया गया है। जिससे अब ई–मित्र पर आवेदन के साथ ही डिस्कॉम्स कार्मिकों के स्तर पर की जाने वाली इंस्पेक्शन, डिमांड नोट जारी करने जैसी सभी प्रक्रियाएं भी एनसीएमएस मॉड्यूल पर की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इससे लंबित कनेक्शनों की मॉनीटरिंग का काम भी ऑनलाइन हो जाएगा। जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण कम्पनियों ने एक साथ यह सुविधा शुरू कर दी है।

0000

जयपुर के सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला में 26 से 28 मार्च तक तीन दिवसीय एग्री किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गो–धन को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष तीन दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में तीन राज्यों के राज्यपाल सहित प्रदेश के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि एक मंच पर शामिल होंगे। अभियान से देश भर के साथ विदेशों तक गो धन को अलग पहचान मिलेगी। अभियान में शामिल होने के लिए कुछ जनप्रतिनिधि विदेश से जयपुर पहुंचेगे। इस किसान मेले का उद्‌देश्य गो–आधारित प्राकृतिक कृषि, जैविक कृषि, गौपालकों, किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करना है। मेले के दौरान किसानों और गोपालको को नई तकनीकों की जानकारी भी दी जायेगी। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित भी किया जायेगा।

0000

अजमेर में रसद विभाग और जिला प्रशासन की ओर से उपभोक्ता सप्ताह के तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में कलक्ट्रेट सभागार में टिकाऊ जीवन शैली की और एक उचित बदलाव थीम पर संगोष्ठी रखी गयी। संगोष्ठी में जिला उपभोक्ता मंच के अधिकारी और सदस्यों ने अपने विचार रखें। गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। उन्नीस मार्च को मध्यस्थता और ई – दाखिल विषय पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। सप्ताह के समापन समारोह में उपभोक्ता सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिये जायेंगे।

00000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश भी हुई है। बीकानेर में 5 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे कम 11 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे ज्यादा तापमान 35 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान चित्तौडगढ और डूंगरपुर में दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि 18–19 मार्च को दक्षिणी इलाकों में मौसम में कुछ बदलाव आयेगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000

बालोतरा जिले की समदड़ी के लाखेटा ग़ांव में आज गैर मेला भर रहा है। मेले में आस–पास क्षेत्र के गैर दल प्रस्तुतियां देंगे। मेले के विशेष कर मारवाड़ की प्रसिद्ध गैर आंगी–बांगी, जत्था गैर आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेले में लोक–कला एवं संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन होगा।

0000